# ललित मोहन मंडल– एक सफल किसान

ललित मोहन मंडल पिता हलधर मंडल ग्राम–पंचायत पोटका के प्रगतिशील किसान है। ये इंटरमीडियट तक पढ़े है। इनके द्वारा तकनीकी शिक्षा आई0टीआई भी किया गया है। पढ़ाई करने के उपरांत इन्होंने नौकरी नहीं कर खेती को ही अपना जीविकोपार्जन बनाया ।

पिता द्वारा पोटका प्रखण्ड के नजदीक क्रय किये गये जमीन पर खेती करने का निर्णय लिया। उनके द्वारा लगभग 03 एकड़ जमीन पर टमाटर, भेंडी, लौकी, करेला, बैंगन आदि की उन्नत तकनीक से खेती की जा रही है। अपने खेतों में 4–5 मजदूरों को रोजगार भी दियें है। अपना उत्पाद पास के ही पोटका, हाता एवं हल्दीपोखर में लगने वाले सप्ताहिक हाट में बेचकर आय प्राप्त करते है।

ललित मोहन मंडल से प्रभावित होकर आस–पास के 10–15 अनुसुचित जनजाति के किसान भी उन्नत तरीके से खेती कर रहें है। इनको उद्यान विभाग की ओर से राष्ट्रीय सुक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ दिया गया है। उक्त योजना पाकर काफी उत्साहित हैं एवं इस योजना के चलते लगभग 30,000–35,000 रू0 मजदूरी बच जाता है।

इनका सब्जी उत्पादन से लगभग सलाना ढाई से तीन लाख रूपये आमदनी हो जाता है जिससे इनका परिवार का भरण–पोषण अच्छा तरीका से हो रहा है।



